# जालौन पुलिस

## सराहनीय कार्य

### कोतवाली कालपी पुलिस द्वारा खोये हुये रूपयों को बरामद कर आवेदक को वापस दिये गये।



दिनांक 23.06.2025 को श्री मनोज पाठक पुत्र स्व0 ब्रजनन्दन निवासी चोरसी मोड उरई जनपद जालौन ने कोतवाली कालपी में सूचना दी कि सुबह करीब 08:00 बजे अपनी मोटर साइकिल से प्लास्टिक के थैले मे 03 लाख रूपये लेकर भोगनीपुर जा रहा था, जैसे ही मुन्ना फुल पावर चौराहे पर पहुंचा तो देखा कि मेरा थैला साइलेन्सर से नीचे जल गया और उसमे रखे 3,00,000/- (तीन लाख रूपये) गिर गये है। उक्त सूचना पर कोतवाली कालपी पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये गुमशुदगी दर्ज कर 20 सीसीटीवी कैमरों की जांच की गयी, जिसमें आवेदक के गिरे हुये रूपयों को उठाने वाले व्यक्ति की पहचान की गयी तो उक्त व्यक्ति द्वारा रूपयों को क्षेत्राधिकारी कालपी के समक्ष प्रस्तुत किये गये। रूपयों को क्षेत्राधिकारी कालपी द्वारा मनोज पाठक उपरोक्त को प्रदान किये गये। रूपयों को पाकर मनोज पाठक द्वारा जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रसंशा की गयी।